प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर कुशल क्षेम पूछी। विश्व्ास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव प्रधानमंत्री के साथ साझा किए। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों तथा अन्य लोगों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले। इस बीच दुर्घटना में मृतक लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। गौरतलब है कि चालक दल सहित 242 लोगों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान बोइंग 787–8 कल अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह विमान बी जे मेडिकल कॉलेज के पास एक आवासीय परिसर में जा गिरा था। हादसे में विमान में सवार 241 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इनमें राजस्थान के 11 लोग भी शामिल है।

00000

इस्राइल के ईरान पर कल रात किये गए भीषण हमले के बाद एयर इंडिया ने अपनी 16 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग में बदलाव किया है और कुछ उड़ानों को वापस बुला लिया है। जिन उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है या वापस बुलाया गया है उनमें दिल्ली और मुंबई से लंदन तथा न्यूयॉर्क आने–जाने वाली उड़ानें शामिल हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन उड़ानों के यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जा रही है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी उड़ानों की ताजा स्थिति की जानकारी के लिए एयर इंडिया की वेबसाइट देखें।

00000

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों में लोगों को योग और प्रणायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही योग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। योग को आम लोगों में प्रचलित करने के लिए पाली में जिला प्रशासन की ओर से नवाचार किया गया है। योग पर स्थानीय भाषा में लघु फिल्म तैयार की गयी है, जिससे आमजन आसानी से स्थानीय भाषा में योग क्रियाओं को समझकर योगाभ्यास कर सके। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा प्रदेशभर में करीब 400 प्रमुख धार्मिक ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर भी सुबह 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर लगभग 65 हजार स्थानों पर एक करोड़ लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया हैं।

000

प्रदेश में कल से प्री–मानसून की बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कोटा और उदयपुर संभाग से इसकी शुरूआत होगी। 20 जून तक जयपुर और भरतपुर संभाग में भी प्री–मॉनसून बरसात शुरू होने के आसार है। वहीं मानसून के 19 जून को प्रदेश में दस्तक **देने की संभावना है**। इससे तापमान में कुछ गिरावट आयेगी तथा प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं आज उदयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में दोपहर बाद आंधी बारिश हो सकती है। इस बीच समूचा प्रदेश हीटवेव और भीषण गर्मी की चपेट में है। आज जोधपुर, बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री रिकॉर्ड होने की प्रबल संभावना है। बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 47 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रहा। वही राजधानी जयपुर में कल सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा 45 डिग्री सैल्सियस को पार कर गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण राज्य के पर्यटन स्थल भी सूने नजर आ रहे है। बाजारों में भी रौनक कम हो गयी है। लोग आवश्यक कार्यो से ही घर से बाहर निकल रहे है।

00000

डाक विभाग ने शैक्षिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक पुस्तकों की सुगम और सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष डाक सेवा शुरू की है। यह पहल नई शिक्षा नीति के लक्ष्य के अनुरूप है। इसका उद्देश्य छपी शैक्षणिक सामग्री को दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में किफायती रूप से पंहुचाना है।

ज्ञान पोस्टर के माध्य्म से देश के सभी डाकघरों से तीन सौ ग्राम की पुस्तकों के पैकेट के लिये बीस रुपये और पांच किलोग्राम तक के पैकेट के लिये सौ रुपये की न्यूनतम दर लगेगी। इस दर में लागू कर शामिल नहीं है। पारदर्शिता और विश्व्सनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रेषित सामग्री की ट्रैकिंग भी की जा सकेगी। इस बारे में विस्तृत जानकारी पास के डाकघर या भारतीय डाक की आधिकारिक वेबसाईट से ली जा सकती है।

0000